**भारतीय जनता पार्टी**

**(केंद्रीय कार्यालय)**

**6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली**

दिनांक: 24 अप्रैल 2024, बुधवार

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लोकसभा चुनाव कार्यालय के भव्य उद्घाटन के दौरान संबोधन के मुख्य बिंदु

**********************

**काशी की जनता ने मोदी जी का हमेशा पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत किया: श्री अमित शाह**

**********************

**अंग्रेजों और मुगलों की गुलामी को निशानियों को मोदी जी ने हटाया**

**********************

**मोदी जी ने बनारस का सौंदर्यीकरण कर विश्व के आकर्षण का केंद्र बनाया**

**********************

**400 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर बूथ पर 300 वोटों की बढ़ोतरी करानी होगी**

**********************

**मोदी जी ने भव्य विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कराया**

**********************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज बुधवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के भव्य लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मंच पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री सुनील बंसल और सांसद श्री अमरपाल मौर्य सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। श्री अमित शाह ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा काशी में एक सांसद के रूप में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उपस्थित जनता देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

श्री अमित शाह ने कहा 2024 के चुनाव में वाराणसी ने इस देश को अनेक महापुरुष दिए हैं। महामना मदन मोहन मालवीय, पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री, संत रविदास, संत कबीर दास, संत तुलसी दास, जैन तीर्थकरों और महारानी लक्ष्मी बाई सहित अनेक महान हस्तियों का इस काशी से अटूट रिश्ता रहा है। विद्या, कला और मोक्ष की नगरी काशी में पद्म भूषण, पद्म विभूषण और भारत रत्न पुरुस्कृत व्यक्तियों की लंबी सूची है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का कहना है कि भारत लोकतंत्र की जननी है एवं भारतीय जनता पार्टी और देश की जनता के लिए चुनाव सत्ता प्राप्ति या सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं अपितु लोकतंत्र का उत्सव है।

श्री शाह ने कहा कि वे 2010 से काशी से जुड़े हुए हैं और 2014 में मां गंगा के बुलावे पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वाराणसी से सांसद बनने का निर्णय लिया था। **देश के इतिहास में 2014 से 2024 तक के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ये 10 वर्ष स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाएंगे।** जो इतिहास आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपनी दूरदर्शिता, देशभक्ति, परिश्रम और निर्णय लेने की योग्यता से लिखा है, इसका संपूर्ण यश और श्रेय काशी

की जनता और काशी के कार्यकर्ताओं को जाता है। **इन दस वर्षों में काशी ने हर बार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया और दोनों बार उन्हें प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया।**

श्री अमित शाह ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने की जिम्मेदारी पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ताओं की है परन्तु काशी के कार्यकर्ताओं को 400 पार के लिए 4 चीजें करनी हैं। **जिनमें पहला हर बूथ पर 300 वोट की वृद्धि, दूसरा हर लाभार्थी से संपर्क, तीसरा प्रधानमंत्री जी द्वारा किए गए राम मंदिर बनाने, धारा 370 हटाने, तीन तलाक खत्म करने, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाने सहित समग्र देश के विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाना और चौथा काम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प से काशी के हर व्यक्ति को जोड़ना है।** काशी के जनप्रतिनिधि और सांसद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब भी काशी आए, तब-तब काशी कोतवाल ने उनपर कृपा कर उन्हें देश के विकास के लिए अष्टसिद्धियों का वरदान दिया।

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे देश को भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टीकरण, हीन भावना, नक्सलवाद, गुलामी की निशानियों और आतंकवाद से मुक्त किया है।** यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सीएए लागू करने, किसानों को एमएसपी देने, वन रैंक वन पेंशन लागू करने, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने और देश को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव यानि शिवशक्ति बिंदु पर पहुंचने वाला पहला देश बनाने जैसे कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। **श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता और देश का जन-जन कटिबद्ध एवं संकल्पित है।** माननीय मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है भारत को तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाना, देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना, 3 लाख गांवों डेयरी बनाना, चंद्रयान, मंगलयान और आदित्ययान अभियानों को सफल बनाना और कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सलवादी क्षेत्र को आतंकवाद से मुक्त कराना।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी छोटे से बच्चे से लेकर शतायु व्यक्ति, गरीब, किसान, महिला और युवा सहित हर व्यक्ति की चिंता करते हैं और उन्होंने देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए अपनी संसदीय सीट काशी में भी अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं।** आज के काशी को देखने पर पता चलता है कि काशी की शक्ल और सूरत दोनों बदल गई हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अध्यात्म की नगरी काशी के आध्यात्मिक गौरव को भी वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाया है और विश्व के सबसे पुरातन शहर को आधुनिक शहर भी बनाया है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 36 हजार कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक और विधानसभा चुनाव के समय एक आदर्श सांसद की तरह अपनी सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए अथक परिश्रम कर एक आदर्श आचार संहिता का निर्माण किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर औरंगजेब द्वारा तोड़े जाने के बाद से अब तक देश के श्रद्धालुओं के मन में टीस थी कि बाबा का दरबार सजा नहीं है लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाबा विश्वनाथ का भव्य दरबार सजाया है**। इसके अलावा भाजपा सरकार ने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, युवा खिलाड़ियों के लिए नया स्टेडियम, बनारस का नया रिंग रोड और नए नमो घाटों का निर्माण किया है, बनारस के मार्गों का चौड़ीकरण, गंगा माता को स्वच्छ, बिजली के तारों को अंडरग्राउंड किया है और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में टाटा कैंसर अस्पताल और टीसीएस केंद्र स्थापित करने सहित कई विकास कार्य किए हैं। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में पूर्वांचल सहित पूरा उत्तर प्रदेश का माफियाराज मुक्त हो गया है**। बाबा विश्वनाथ का 2100 स्क्वायर फीट का मंदिर आज 5 लाख स्क्वायर फीट के कॉरिडोर की शक्ल ले चुका है और इस कॉरिडोर से पूरे काशी

के अर्थतंंत्र को बड़ा लाभ हुआ है। काशी में भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई विशाल डेयरी से हर घर में पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा। वाराणसी रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण और वाराणसी हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा **काशी में लगभग ₹900 करोड़ की लागत से अनेक सेतु बनाए गए, लगभग ₹55 करोड़ की लागत से गंगा घाटों का सौंदर्यीकरण किया गया, लगभग 75 हजार छोटे उद्योगों के माध्यम से काशी जिले में हजारों करोड़ रुपए का निवेश लाया गया और 3 लाख लोगों को रोजगार दिए गए।** एक जिले में 93 अमरूद सरोवरों का निर्माण किया गया है और 43 हजार व्यापारियों ने डिजिटल इंडिया को सफल बनाया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हमारे 542 सांसदों को विजयी बनाने के लिए दिन रात प्रयास और अथक परिश्रम कर रहे हैं। श्री शाह ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर एक बार फिर प्रधानमंत्री के पद पर सुशोभित करने का संकल्प लेने का आहवान किया।

**********************